भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1488 का उत्तर

प्रथम वंदे भारत रेलगाड़ी का उद्‌धाटन

1488. श्री प्रवीण पटेल:

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

श्री नरेश गणपत म्हस्के:

श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:

श्री हरीभाई पटेल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रथम वंदे भारत रेलगाड़ी के उद्‌धाटन का ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में वर्तमान में संचालित ऐसी रेलगाड़ियों की संख्या और ब्यौरा क्या है तथा वे किन मार्गों पर चलती हैं;

(ग) उन मार्गों का ब्यौरा क्या है जिन पर सरकार भविष्य में ऐसी रेलगाड़ियां चलाने की योजना बना रही है; और

(घ) इन रेलगाड़ियों में स्वदेशी घटकों के उपयोग यदि कोई हो के बारे में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): प्रथम वंदे भारत अर्थात 22435/22436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 15-02-2019 से शुरू हुआ। चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार उन सीमाओं के आर-पार गाड़ी

सेवाएं चलाई जाती हैं। परिचालित 102 वंदे भारत गाड़ी सेवाओं (24 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार) में से, 16 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं (आरंभ/समाप्ति के आधार पर) महाराष्ट्र राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों को सेवा प्रदान कर रही हैं, जबकि 14 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं (आरंभ/समाप्ति के आधार पर) उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल में वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं सहित अन्य गाड़ी सेवाओं की शुरूआत, यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।

(घ): वंदे भारत गाड़ियों को स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है और इनका निर्माण भारत में ही किया जा रहा है।

*****